# आई.आई.एच.एम.आर. दिल्ली के 16वें दीक्षांत समारोह में 105 स्नातक बने स्वास्थ्य क्षेत्र के नए नेतृत्वकर्ता



नई दिल्ली, 26 अगस्त (स.ह.): इंटरनैशनल इंस्टीच्यूट ऑफ हैल्थ मैनेजमैंट रिसर्च (आई.आई.एच. एम.आर) दिल्ली ने अपना 16वां दीक्षांत समारोह रैडीसन ब्लू होटल, द्वारका में आयोजित किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले संस्थान ने 105 एम.बी.ए. समकक्ष पी.जी.डी.एम. स्नातकों को उपाधियां प्रदान कीं।

कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने वाले गण्यमान्य अतिथियों में डा. अशोक अग्रवाल (मैनेजमैंट ट्रस्टी एवं संस्थापक, आई.आई.एच.एम.आर), डा. सुतापा बी. नियोगी (निदेशक, आई.आई.एच.एम.आर दिल्ली), डा. एस.डी. गुप्ता (ट्रस्टी सचिव, आई.आई.एच.एम.आर. दिल्ली), और डा. सुमेश कुमार (अकादमिक एवं छात्र मामले, आई.आई. एच.एम.आर. दिल्ली) शामिल रहे।

डा. अशोक अग्रवाल ने कहा, "आई.आई.एच.एम.आर. की नींव इस विश्वास पर स्थापित है कि नेतृत्व केवल कौशल से नहीं बल्कि मूल्यों से सार्थक होता है। आज हमारे छात्र उस जिम्मेदारी को निभाने आगे बढ़ रहे हैं, ऐसे समय में जब स्वास्थ्य जगत नवोन्मेष और निष्ठा दोनों की पुकार कर रहा है।

निदेशक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए डा. सुतापा बी. नियोगी ने 2008 से आई.आई.एच.एम.आर. दिल्ली की यात्रा पर प्रकाश डाला और शिक्षा, अनुसंधान व प्रशिक्षण में हुई प्रगति सांझा की। उन्होंने कहा, "95 प्रतिशत से अधिक प्लेसमैंट, बढ़ते करियर अवसरों और उद्योग के भरोसे के साथ, हमारे स्नातक आत्मविश्वास के साथ ही नहीं बल्कि करुणा और दक्षता के साथ भी स्वास्थ्य क्षेत्र में योगदान देने निकल रहे हैं।"